प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 27.02.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बजट उपरान्त वेबिनार में सुधारों और व्यापार सुगमता के लिए नीतियों के प्रभावी कार्यान्वयन पर दिया जोर : कहा– सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन से रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार है देश।0
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली से पहले सभी राज्य कर्मचारियों को वेतन देने का दिया आदेश : 2 से 4 मार्च तक मिलेगा राज्य कर्मचारियों का अवकाश।
3. रंगभरी एकादशी के साथ शुरू हुआ होली उत्सव : मथुरा में उमड़ी भक्तों की भीड़, वाराणसी में खेली गई पारम्परिक भस्म होली।

और

4. भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का हुआ निधन : अलीगढ़ में आज किया गया अंतिम संस्कार।

————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सरकार द्वारा प्रक्रियाओं को सरल बनाने, सुगम व्यापार और प्रौद्योगिकी आधारित सुशासन के विस्तार के साथ देश रिफार्म एक्सप्रेस पर सवार है। आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विकसित भारत के लिए प्रौद्योगिकी, सुधार और वित्त विषय पर आयोजित बजट उपरांत वेबिनार को संबोधित करते हुए

श्री मोदी ने यह बात कही। प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय बजट पालिसी रोडमैप होता है। बाइट.....

*राष्ट्रीय बजट पॉलिसी रोड मैप होता है। इसलिए बजट की प्रभावशीलता का आकलन भी ठोस पैरामीटर पर किया जाना चाहिए। ऐसी नीतियां, जो इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार करें, जो क्रेडिट के प्रवाह को आसान बनाएं, जो इज–ऑफ–डूइंग बिजनेस बढ़ाएं, जो गवर्नेंस में ट्रांसपेरेंसी बढ़ाएं, जो जनता का जीवन आसान बनाए।*

प्रधानमंत्री ने कहा कि सुधार की गति को बनाए रखने के लिए नीतिगत इरादों तक ही सीमित न रहकर उत्कृष्ट क्रियान्वयन पर भी ध्यान देना आवश्यक है। उन्होंने एआई, ब्लॉक चेन और डेटा एनालिटिक्स के व्यापक उपयोग के माध्यम से पारदर्शिता, गति और जवाबदेही बढ़ाने पर जोर दिया।

————————————

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज झांसी स्थित रानी लक्ष्मीबाई केन्द्रीय कृषि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में विद्यार्थियों को उपाधियां प्रदान कीं। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में ऑडिटोरियम सहित कई नवनिर्मित ब्लॉकों का उद्घाटन भी किया। समारोह को ंसबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बुन्देलखंड देश का महत्वपूर्ण क्षेत्र है जहां कृषि विकास की व्यापक संभावनाएं हैं। उन्होंने कृषि अनुसंधान को गति देने और नई तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने पर जोर दिया।

———————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होली क पर्व से पहले ही सभी राज्य कर्मचारियों को वेतन का भुगतान करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहार के मद्देनजर किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी विभाग तय समय सीमा का कड़ाई से पालन करें। श्री योगी ने आउटसोर्सिंग, संविदाकर्मी, सफाईकर्मी समेत सभी श्रेणी के कर्मियों का भुगतान भी त्योहार से पहले सुनिश्चित करने को कहा है। मुख्यमंत्री ने शनिवार 28 फरवरी को कार्य दिवस घोषित किया है। इसकी जगह अब कर्मचारियों को 03 मार्च का अवकाश दिया जाएगा। ऐसे में 2 से 4 मार्च तक राज्य कर्मचारियों के लिए अवकाश रहेगा।

———————————

विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना आज कानपुर में आयोजित एमएसएमई लीडरशिप कॉन्क्लेव में शामिल हुए। कॉक्लेव में प्रदेश के राज्यमंत्री नितिन अग्रवाल के साथ उद्योग जगत के लोग भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कई प्रयास कर रही है जो प्रदेश को वन ट्रिलियन डॉलर की इकॉनॉमी बनाने में कारगर साबित होंगे। बाइट......

*उद्योगों को आप माहौल मिला उत्तर प्रदेश में काम करने का और इंडस्ट्रीज बहुत खुश है। प्रदेश सरकार उद्योगों को और उद्यमियों के लिए*

*बहुत प्रयास कर रही है कि कैसे एनवायरमेंट बनाया जाए यूपी 1 ट्रिलियन इकॉनमी पर पहुंचने के लिए इंडस्ट्रीज का बहुत बड़ा योगदान होगा। मुझे विश्वास है कि दोनों तरफ से सरकार की तरफ से और इंडस्ट्रीज की तरफ से भी एक माहौल बनेगा जिसके कारण उत्तर प्रदेश इंडस्ट्रियल के मोस्ट प्रेफर्ड डेस्टिनेशन के नाते से जाना जाएगा।*

————————————

**प्रदेश सरकार के मंत्रियों ने आज विभिन्न जनपदों में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समोक्षा की। अम्बेडकरनगर में प्रभारी मंत्री गिरीश चंद्र यादव, शाहजहाँपुर में प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने विकास योजनाओं, निर्माण कार्यों, और कानून–व्यवस्था की समीक्षा की। पशुधन कैबिनेट मंत्री धर्मपाल सिंह ने मेरठ में समीक्षा के दौरान बताया कि सभी विभागों को 2026– 27 की कार्य योजना 15 अप्रैल तक बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बाइट......**

*निर्देश दिए गए कि गत वर्ष जितनी सड़कें बनानी थी उनको क्या पूरा कर लिया गया है और क्या कुछ अभी अधूरी हैं तो उन्हें कब तक पूरा कर लिया जाएगा तो इस वर्ष की सड़कें मार्च तक पूरी कर ली जाएंगी और अधूरे काम को पूरा करना और नए वर्ष का हर विभाग अपनी कार्य योजना 2026–27 की 15 अप्रैल तक आवश्यक रूप से बना लेगा। तद अनुसार कार्य करेगा। ऐसे जनपद मेरठ के सभी विभाग जिले से संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर दिया गया है।*

————————————

**भारतीय सेना और वायु सेना की ओर से संयुक्त रूप से गोरखपुर में आयोजित मेगा सर्जिकल नेत्र शिविर का आज समापन हो गया। इस नेत्र शिविर में सेना के चिकित्सकों ने रिकॉर्ड 374 लोगों की आंखों का ऑपरेशन**

किया गया। शिविर में पड़ोसी देश नेपाल समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर, आजमगढ़, देवरिया, महराजगंज और गोरखपुर जिलों के ग्रामीण इलाकों से मरीज इलाज के लिए पहुंचे थे। शिविर के समापन के अवसर पर एयर ऑफिसर कमांडिंग–इन–चीफ, सेंट्रल एयर कमांड एयर मार्शल बी. मणिकांतन उपस्थित रहे।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

देशभर में रंगभरी एकादशी के साथ होली उत्सव का शुभारंभ हो गया है। मथुरा वृंदावन में आज श्री बांके बिहारी मंदिर में भक्तों ने फूलों और अबीर गुलाल की होली खेली। इस मौके पर देश विदेश से पहुंचे श्रद्धालु भक्ति के रंगमें डूबे नज़र आए। पेश है एक रिपोट.....

*आज सुबह श्री बांके बिहारी मंदिर के पट खुलने के साथ ही पूरा मंदिर परिसर ठाकुर बांके बिहारी के जयकारों से गूंज उठा। ठाकुर जी को विशेष केसरिया रंग और फूलों से तैयार रंग अर्पित किया गया। मंदिर के सेवायत*

*गोस्वामी समाज की ओर से ठाकुर जी के भक्तों पर जमकर अबीर–गुलाल और फूलों की बारिश की गई। वृंदावन और मथुरा की गलियों से लेकर मंदिरों तक अबीर–गुलाल उड़ता दिखाई दिया। वृंदावन के परिक्रमा मार्ग में बड़ी संख्या में भक्त परिक्रमा करते हुए सप्त देवालयों के दर्शन कर रहे हैं। भारी भीड को देखते हुए प्रशासन और मंदिर प्रबंधन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए मोहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

वाराणसी में भी रंगभरी एकादशी पर उत्सव का माहौल है। श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में परंपरा के अनुसार महादेव की चल प्रतिमा को मंदिर परिसर में लाया गया, जहां भक्तों ने महादेव को अबीर, गुलाल अर्पित किया। वहीं काशी के हरिश्चंद्र घाट पर भस्म होली खेली गई। पारंपरिक मसाने की होली को देखने के लिए देश विदेश के पर्यटकों की भारी भीड़ जुटी।

भगवान राम की नगरी अयोध्या में रंगभरी एकादशी के पावन अवसर पर हनुमानगढ़ी में विराजमान हनुमान जी का पूजन–अर्चन कर होली उत्सव की विधिवत शुरुआत की गई। रंगभरी एकादशी पर नागा साधुओं ने हनुमान जी को अबीर–गुलाल अर्पित किया। इसके बाद ढोल–नगाड़ों और जयकारों के बीच नागा साधुओं ने रामनगरी के प्रमुख मठ–मंदिरों में पहुंचकर होली का निमंत्रण दिया। अबीर–गुलाल उड़ाते साधुओं ने महंत संजय दास की अगुवाई में परंपरा के अनुसार पंचकोसी परिक्रमा भी की।

————————————

आगामी पर्व और त्योहारों के मद्देनज़र खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग प्रदेश भर में चेकिंग अभियान चला रहा है। इसी क्रम में उन्नाव में जिलाधिकारी गौरांग राठी ने फूड सेफ्टी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस वैन में आधुनिक उपकरण लगाए गए हैं जो खाद्य सामग्री में मिलावट का पता लगाकर मौके पर जांच का परिणाम दे सकेंगे।

————————

सिद्धार्थनगर में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत आज 205 नव जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। इस मौके पर डुमरियागंज सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि फरवरी में सिद्धार्थनगर जिले में इस योजना के तहत 800 से अधिक जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना से समाज के सभी धर्मों के लोग लाभान्वित हो रहे हैं।

————————

भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद सिंह का कल देर रात निधन हो गया। वे लम्बे समय से बीमार चल रहे थे। उनका इलाज गौतमबुद्धनगर के एक निजी अस्पताल में चल रहा था। आज अलीगढ़ में उनका अंतिम संस्कार किया गया। टी 20 विश्वकप में खेल रहे रिंकू सिंह भी अंतिम संस्कार में मौजूद रहे। इससे पहले भी पिता की गंभीर स्थिति की जानकारी मिलने पर वह पिता से मिलने

पहुंचे थे, पर जिम्बाब्वे के खिलाफ मैच के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा था।

(समाप्त)